न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, तारानगर (चूरू)

पीठासीन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार (आर.ए.एस.)
अनुवान भंवरी देवी बनाम राजस्थान सरकार
प्रार्थना–पत्र संख्या – ....46..... / 2026
निर्णय दिनांक 26/02/2026.......

भंवरी देवी पुत्र इन्द्राज सिंह नुईयां जाति जाट निवारी भलाउ ताल तहसील तारानगर जिला चूरू।

–प्रार्थी

बनाम

राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार तारानगर जिला चूरू।

–अप्रार्थी

<u>प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 लैण्ड रेवेन्यू एक्ट</u>

–::निर्णय::–

प्रार्थी द्वारा तहसीलदार तारानगर के समक्ष एक प्रार्थना पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया गया कि प्रार्थी का नाम राजस्व रिकॉर्ड कृषि भूमि रोही मौजा झांझणी पटवार हल्का नेठवा तहसील तारानगर के खाता संख्या 157 खसरा सं. 596/236 तादादी 1.1381 हैक्ट, ख.नं. 600/238 तादादी 0.6070 है0, भूमि में भंवरीदेवी पत्नि इन्द्राजसिंह है जबकि आधार कार्ड में नाम भंवरी देवी पत्नि इन्द्राज सिंह नुईयां है। अतः प्रार्थी का नाम राजस्व रिकॉर्ड में भंवरीदेवी पत्नि इन्द्राजसिंह के स्थान पर भंवरी देवी पत्नि इन्द्राज सिंह नुईयां अंकित किये जाने की कृपा करावें। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र के संबंध में तहसीलदार तारानगर के पत्रांक एल.आर/201 दिनांक 09.02.2026 द्वारा जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। मुताबिक जांच रिपोर्ट के प्रार्थी का नाम जमाबंदी में भंवरीदेवी पत्नि इन्द्राजसिंह है जबकि आधार कार्ड में प्रार्थी का नाम भंवरी देवी पत्नि इन्द्राज सिंह नुईयां है। अतः भंवरीदेवी पत्नि इन्द्राजसिंह की जगह प्रार्थी का नाम भंवरी देवी पत्नि इन्द्राज सिंह नुईयां करने की कृपा करें।

तहसीलदार तारानगर से प्राप्त होने पर प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। तहसीलदार तारानगर से प्राप्त जांच रिपोर्ट में पटवार हल्का ने प्रार्थी का नाम भंवरीदेवी पत्नि इन्द्राजसिंह व भंवरी देवी पत्नि इन्द्राज सिंह नुईयां दोनों नाम एक ही व्यक्ति का होना अंकित किया है तथा भंवरीदेवी पत्नि इन्द्राजसिंह की बजाय भंवरी देवी पत्नि इन्द्राज सिंह नुईयां किये जाने की अभिशंषा की गई है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। तहसीलदार तारानगर की रिपोर्ट व संलग्न दस्तावेजों में प्रार्थी का नाम भंवरी देवी पत्नि इन्द्राज सिंह नुईयां पाया जाता है। राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी का नाम भंवरीदेवी पत्नि इन्द्राजसिंह अंकित है। नाम में भिन्नता से प्रार्थी को परेशानी होना सम्भव है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा कृषि भूमि रोही मौजा झांझणी पटवार हल्का नेठवा तहसील तारानगर के खाता संख्या 157 खसरा सं. 596/236 तादादी 1.1381 हैक्ट, ख.नं. 600/238 तादादी 0.6070 है0 भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज प्रार्थी का नाम भंवरीदेवी पत्नि इन्द्राजसिंह **Delete** कर इसके स्थान पर भंवरी देवी पत्नि इन्द्राज सिंह नुईयां अंकित कर राजस्व रिकॉर्ड में दुरूस्ती के आदेश दिये जाते है तथा शेष राजस्व रिकॉर्ड यथावत रखा जाए। न्यायालय का यह निर्णय अपीलीय है। निर्णय की प्रति तहसीलदार तारानगर को राजस्व रिकार्ड में अमलदरामद हेतु भिजवाई जावे। पत्रावली फैसला शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 26/02/2026.. को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया।

Rajendra
(राजेन्द्र कुमार आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
तारानगर (चूरू)

उपखण्ड अधिकारी
तारानगर (चूरू)

Scanned with OKEN Scanner